**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 16 जुलाई, 2026 :-**

(1) ***रथ यात्रा के पावन अवसर पर राज्यपाल महोदय ने जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना***

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज रथ यात्रा के पावन अवसर पर धुर्वा, राँची स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुँचकर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना की तथा रथ यात्रा में सम्मिलित हुए।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर सभी के सुख, समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए भगवान श्री जगन्नाथ से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा का पावन पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था, समरसता एवं लोक-कल्याण की भावना का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा तथा आध्यात्मिक चेतना का संदेश देता है।

=============================================